पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
जयपुर

समाचार पत्र का नामः राष्ट्रदूत
प्रकाशन स्थल : जयपुर

भाषा : हिन्दी
दिनाकः 3 – 06–2018

रेल मंत्री गोयल ने मोदी का रिपोर्ट कार्ड पेश किया

जोधपुर में प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री पीयूष गोयल, पीपी चौधरी व गजेन्द्र सिंह शेखावत मौजूद रहे।

जोधपुर, (कासं)। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कई योजनाओं के माध्यम से मोदी सरकार ने आमजन को राहत पहुंचाई है। विश्व आज भारत को अलग नजरिए से देख रहा है। भारत की छवि विश्वभर में छा रही है। सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से भारतीय सीमाओं की सुरक्षा बढ़ी है। गोयल शनिवार को एक होटल में पत्रकारों से रूबरू हुए।

जीएसटी टैक्स के बारे में सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता हुई है। एक टैक्स लाने का साहसी कदम भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा फैसला है। पीएम मोदी चाहते थे कि एक ऐसा टैक्स हो जिससे आम आदमी को यह पता रहे कि उसका टैक्स कहां जा रहा है। नोटबंदी के संबंध में कहा कि इससे काले धन पर कड़ा प्रहार हुआ और कई ऐसे कानून लागू किए जिससे कानूनी व्यवस्था पटरी पर आई। बालिका सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार ने कानून को कड़ा किया है।

- **रेलमंत्री पीयूष गोयल ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं**
- **बालिकाओं के लिए केंद्र सरकार ने कानून को कड़ा किया**

उन्होंने कहा कि सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश करने के लिए वे यहां आए है। जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी तब देश की आर्थिक स्थिति सही नहीं थी। उस दौर में महंगाई लगातार बढ़ रही थी। मोदी सरकार ने इस संबंध में खासे कार्य किए हैं। ब्याज की दरें ज्यादा थी उसे कंट्रोल किया है। केंद्र और राज्य सरकार बड़े उत्साह से राजस्थान को आगे बढ़ाने में लगी है। जोधपुर में पर्यटन उद्योग महत्वपूर्ण है। ऐसे में इसके विकास के लिए सरकार हमेशा प्रयासरत रही है।

पीयूष गोयल ने प्रबुद्धजनों सम्मेलन में सरकार की उपलब्धियों से रू-ब-रू कराया। उन्होंने भारत सरकार की उज्जवला योजना, स्वच्छता अभियान, जीएसटी सहित आर्थिक सुधार के लिए किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि भारत विश्व की शक्ति बने आर्थिक रूप से सुपर पावर बने। भ्रष्टाचार मुक्त भारत बने। मोदी ने ईमानदार भारत का सपना देखा है। इसके लिए सभी को मिलकर साफ नीयत से भारत के विकास के लिए ईमानदारी से सकारात्मक प्रयास करने होंगे। सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजन को मिले इसके लिए सार्थक धरातल पर प्रयास करने होंगे। गोयल ने कहा कि जीएसटी ने देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान की है।